इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट

drishtiias.com/hindi/printpdf/economic-outlook-update

चर्चा में क्यों ?

हाल ही में एशियाई विकास बैंक द्वारा वैश्विक शहरीकरण संभावना पर **इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट (Economic Outlook Update)** जारी किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इसके अनुसार **'विकासशील एशिया' (Developing Asia)** में शहरी निवासियों की संख्या वर्ष 1970 के बाद से लगभग पांँच गुना बढ़ गई है ।
- 'विकासशील एशिया' 45 देशों के समूह को संदर्भित करता है जो एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank- ADB) के सदस्य हैं।
- आर्थिक दृष्टिकोण अपडेट के अनुसार, वर्ष 1970 से वर्ष 2017 के बीच इस समूह के देशों में शहरी आबादी 375 मिलियन से बढ़कर 1.84 बिलियन हो गई है । इस अवधि में इस समूह ने शहरी आबादी की वैश्विक वृद्धि का नेतृत्व किया जो कुल वैश्विक वृद्धि का लगभग 53% था l
- 'विकासशील एशिया' की शहरी आबादी का दो-तिहाई भाग (लगभग 1.5 बिलियन) चीन और भारत के शहरों में निवास करता है।



- इस समूह की शहरी आबादी वर्ष 1970 से वर्ष 2017 के बीच औसतन 3.4% प्रति वर्ष की दर से बढ़ी है। शेष विकासशील देशों (मुख्य रूप से अफ्रीका और लैटिन अमेरिका) में शहरी आबादी 2.6% तथा विकसित देशों में 1.0% की दर से बढ़ी है ।
- विकासशील एशियाई क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी एशिया 3.7% की उच्चतम वार्षिक वृद्धि दर के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद दक्षिण-पूर्व एशिया में 3.6% और दक्षिण एशिया में 3.3% की वृद्धि हुई है। प्रशांत क्षेत्र (Pacific Region) की शहरी आबादी में 2.9% की वार्षिक वृद्धि तथा मध्य एशिया में 1.6% की दर से वार्षिक वृद्धि हुई है।

एशियाई विकास बैंक

(Asian Development Bank- ADB)

- ADB एक क्षेत्रीय विकास बैंक है, जिसकी स्थापना 19 दिसंबर 1966 को की गई थी।
- 1 जनवरी, 1967 को इस बैंक ने पूरी तरह से काम करना शुरू किया था।
- इस बैंक की स्थापना का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को गति प्रदान करना था।
- इसकी अध्यक्षता जापान द्वारा की जाती है।
- इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में स्थित है।
- इसके सदस्य देशों की संख्या 68 है। जिसमें भारत सहित 48 सदस्य एशियाई देशों से है।

स्रोत : इंडियन एक्सप्रेस